औली में 23 से 26 तक प्रस्तावित नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप रद्द

चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2023 को स्की एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव प्रवीण शर्मा ने बताया कि बर्फ न होने के कारण चमोली ज़िले के औली में 23 से 26 फरवरी तक प्रस्तावित नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप रद्द कर दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस संबंध में स्की एवं स्नो बोर्ड उत्तराखंड ने स्की एवं स्नो बोर्ड इंडिया की सभी संबद्ध इकाईयों को सूचना दे दी है।
- उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य सरकार ने नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप की पूरी तैयारियाँ कर रखी थीं, लेकिन मौसम के साथ न देने और कम बर्फबारी के कारण ये खेल रद्द करने पड़े हैं।
- विदित है कि पिछले वर्ष तक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र औली बर्फ से ढका रहता था और पर्यटकों की भीड़ औली में बनी रहती थी, लेकिन इस बार न्यू ईयर में भी बर्फबारी बहुत कम या न के बराबर देखने को मिली। हालाँकि, नए साल पर स्थानीय लोग कयास लगा रहे थे कि औली में बर्फबारी बढ़ेगी और नेशनल स्कीइंग प्रतियोगिता होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।
- गौरतलब है कि औली भारत का प्रमुख स्की स्थल है। मूलरूप से अर्धसैनिक बेस के रूप में विकसित औली की स्कीइंग ढलान पर्यटकों और पेशेवरों के बीच समानरूप से लोकप्रिय है। सर्दियों में औली कई स्नो एडवेंचर इवेंट्स का आयोजन करता है।
- लगभग 2,800 मीटर की ऊँचाई पर स्थित और ओक व शंकुधारी जंगलों से घिरा औली भारत की कुछ सबसे ऊँची चोटियों के मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है, जिसमें देश की दूसरी एवं विश्व की 23वीं सबसे ऊँची चोटी नंदा देवी (7,816 मीटर) भी शामिल है।
- यह हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे सहित नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान का प्रवेश द्वार भी है। गोरसन बुग्याल, पंगेरचुल्ला समिट और तपोवन जैसे लोकप्रिय ट्रैकिंग स्थलों तक औली के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।
- औली के अलावा उत्तराखंड में दयारा बुग्याल, मुनस्यारी और मुंडाली जैसे कई अन्य स्कीइंग स्थल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposed-national-skiing-championship-cancelled-from-23-to-26-in-auli